राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - UPHIN/2022/86937

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 296 | जौनपुर | सोमवार, 16 जून 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## वार्षिक बीटी गंज आर्य समाज चुनाव संपन्न

रुड़की, हरिद्वार(आर एल पाण्डेय)। बीटी गंज आर्य समाज सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। यह चुनाव डॉक्टर श्याम सिंह , चंद्र प्रकाश आर्य, एवं वीरेंद्र कुमार वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। वार्षिक चुनाव के अंतर्गत उदयवीर सिंह यादव प्रधान पद, उप प्रधान पद के लिए विजय सिंह वर्मा, मंत्री पद के लिए सतीश कुमार आर्य, वरिष्ठ उप मंत्री सतपाल सिंह, उप मंत्री राजकुमार अनेजा, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार राठी, पुस्तकालय अध्यक्ष राकेश कुमार, उप पुस्तकालय अध्यक्ष रविंद्र कुमार , प्रचार मंत्री पवन कुमारएवम् लेखा निरीक्षक पद पर सतीश कुमारनिर्वाचित हुए। इसके अतिरिक्त अंतरंग सदस्य में हरफूल सिंह राठी, विशाल, आलोक कुमार द्विवेदी एवं ब्रह्मानंद को मनोनीत किया गया। अंत में निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई

# पीएम मोदी तीन देशों की यात्रा पर रवाना



नई दिल्ली, एजेंसी। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की तीन देशों की यात्रा पर जाने से पहले एक आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का एक अवसर है। नरेंद्र मोदी डॉट इन पर प्रधानमंत्री मोदी का बयान जारी किया गया है। लिखा है, ष्आज मैं साइप्रस गणराज्य, कनाडा और क्रोएशिया की तीन देशों की यात्रा पर जा रहा हूं। 15–16 जून को मैं राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर साइप्रस गणराज्य का दौरा करूंगा। साइप्रस भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक बंधनों को मजबूत करने और व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों का विस्तार करने और लोगों के बीच आदान–प्रदान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है। जारी बयान में आगे कहा, मैं साइप्रस से, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कनानास्किस की यात्रा करूंगा। शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों और वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान–प्रदान के लिए मंच उपलब्ध होगा। मैं साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए भी उत्सुक हूं। 18 जून को मैं क्रोएशिया गणराज्य की अपनी यात्रा तथा राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच और प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लॅकोविच के साथ बैठकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। हमारे दोनों देशों के बीच सदियों पुराने घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा के रूप में, यह पारस्परिक हितों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के लिए नए रास्ते खोलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने बयान में कहा कि तीन देशों की यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने और आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक समझ को प्रेरित करने का एक अवसर भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले एक्स पर कहा , मैं कनाडा में जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा, जो विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान–प्रदान और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, क्रोएशिया की मेरी यात्रा, जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी, एक मूल्यवान साझेदार देश के साथ संबंधों को बढ़ावा देने का ऐतिहासिक अवसर है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री 15 से 19 जून तक साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। सोमवार को जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने से पहले प्रधानमंत्री मोदी साइप्रस की यात्रा करेंगे, जो दो दशक से अधिक समय में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली साइप्रस यात्रा होगी। साइप्रस में भारत के उच्चायुक्त मनीष ने कहा, यह यात्रा कई कारणों से ऐतिहासिक यात्रा होने जा रही है। दो दशक से अधिक समय के बाद हमारे देश से कोई प्रधानमंत्री आ रहा है और यह प्रधानमंत्री (मोदी) की इस देश की पहली यात्रा होगी। मुझे लगता है कि व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन और निवेश में सबसे महत्वपूर्ण परिणाम सामने आएंगे। हम रक्षा और सुरक्षा सहयोग, व्यापार और लोगों के बीच संपर्क के साथ–साथ वैश्विक और क्षेत्रीय चर्चाओं पर भी चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, ष्साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 15 और 16 जून को साइप्रस की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### देश में कोरोना के सक्रिय मामलों में गिरावट, 10 और मरीजों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में कोविड–19 के कुल सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गयी। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से आज सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार इस संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवायी है। इसके बाद कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 97 हो गयी हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड–19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुयी है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नये संक्रमण 10–10 बढ़कर क्रमशः 682 और 130 हुये, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आयी, हालांकि केरल का कुल मामले सबसे ज्यादा 2007 है। सरकारी वेबसाइट के अनुसार पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, पुडुचेरी और त्रिपुरा में कोविड–19 नये मामले दर्ज नहीं किये गये हैं। इस वायरस से दिल्ली में जिन तीन लोगों की मौत हुयी है, उनमें 57 वर्ष की एक महिला, 83 वर्षीय महिला और 57 वर्षीय पुरुष शामिल हैं। वहीं, केरल में 86 वर्षीय पुरुष, 79 वर्षीय पुरुष, 70 वर्षीय पुरुष, 73 वर्षीय पुरुष और 92 वर्षीय महिला ने इस संक्रमण के कारण जान गंवायी है। महाराष्ट्र 56 वर्षीय पुरुष और 32 वर्षीय पुरुष ने इसके कारण जान गंवायी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने उच्च जोखिम वाले लोगों से भीड़भाड़ में मास्क पहनने और नियमित स्वास्थ्य जांच करने की सलाह दी है।

### गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर बोला हमला

बिहार, एजेंसी। बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी को चीन और पाकिस्तान के एबेंसी पर भरोसा है भारत पर नहीं। दरअसल राहुल गांधी ने बीबीसी के रिपोर्ट का हवाला देते हुए ट्वीट किया था कि बीबीसी की रिपोर्ट बताती है कि कुंभ मेले की भगदड़ में हुई मौतों के आंकड़े छुपाए गए। जैसे कोविड में गरीबों की लाशें व आंकड़ों से मिटा दी गई थी। जैसे हर बड़े रेल हादसे के बाद सच्चाई दबा दी जाती है। यही तो बीजेपी मॉडल है – गरीबों की गिनती नहीं, तो जिम्मेदारी भी नहीं। इसी ट्वीट पर गिरिराज सिंह ने हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी को चीन के एंबेसी पर भरोसा है पाकिस्तान के एंबेसी पर भरोसा है बीबीसी के रिपोर्ट पर भरोसा है देश पर भरोसा नहीं है कि यही राहुल गांधी का विश्वसनीयता है आज चाहे ऑपरेशन सिंदूर हो चाहे बीबीसी का रिपोर्ट हो। वही बात करेंगे जो भारत के विरोध में होगा, पता नहीं क्या है इन्होंने संकल्प ले लिया है। कि मुझे भारत के विरोध में ही बात करना है।

## अमित शाह ने नवचयनित सिपाहियों को सौंपे नियुक्तिपत्र



लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 60,244 से अधिक पुलिसकर्मियों की सामूहिक भर्ती को राज्य के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को लखनऊ में 60,244 नवचयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपी। मुख्यमंत्री योगी ने राज्य के युवाओं के सपनों को हकीकत में बदलने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भी दिया। अमित शाह ने कहा कि आज यहां उत्तर प्रदेश पुलिस बल में जो नई भर्तियां हुई हैं, उनमें 12 हजार से अधिक महिलाएं हैं। अमित शाह ने कहा कि हमने महिलाओं के लिए जो आरक्षण दिया था, उसे उत्तर प्रदेश में पूरी तरह लागू किया गया है। अगर मैं पीएम मोदी के शब्दों का इस्तेमाल करूं तो आप श्अमृतकालश में यूपी पुलिस में शामिल होने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज मेरे सामने बैठे युवाओं के जीवन का सबसे शुभ दिन है क्योंकि आज उत्तर प्रदेश के हर जाति, समुदाय और जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले 60 हजार से ज्यादा युवा भारत के सबसे बड़े पुलिस बल का सक्रिय हिस्सा बनने जा रहे हैं। राज्य की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही थी। लेकिन 2017 में राज्य में भाजपा की सरकार बनने और योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस फिर से नई ऊंचाइयों को छूने की ओर अग्रसर हो गई। शाह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आज तक पुलिस बल में भर्तियां जाति के आधार पर होती थीं। लेकिन आज तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता के कारण आप सभी की नियुक्ति हुई है। आज ब्ब्ज्ट कैमरे हैं, कंट्रोल रूम हैं, कमांड सेंटर हैं, PCR One है, 150 से ज्यादा FSL यूनिट हैं। आप सभी को इसे आगे बढ़ाना है। मुझे विश्वास है कि आप सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र को लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और नागरिक सुरक्षा अधिनियम, इन तीनों कानूनों के बारे में मैं आज आपको बता रहा हूँ कि पाँच साल में देश में ऐसी स्थिति पैदा हो जाएगी कि अगर कोई थ्प्त दर्ज होती है तो नागरिक को तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक न्याय मिलेगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्दीधारी बलों के लिए एक नियम है– जितना पसीना प्रशिक्षण में बहाओगे, जीवन में उतना ही कम खून बहेगा।

## विकास से जुड़ी परियोजनाओं में जान बूझकर देरी कर रही सरकार – आदित्य

पुणे, एजेंसी। शिवसेना (यूबीटी) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बड़े बेटे आदित्य ठाकरे ने शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की भाजपा नेतृत्व वाली महायुति सरकार पर विकास से जुड़ी परियोजनाओं में देरी का आरोप लगाया। पुणे में शनिवार को एक कबड्डी टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में शामिल होने पहुंचे आदित्य ठाकरे ने देवेंद्र फडणवीस की सरकार पर पुणे के विकास से संबंधित कार्यों में जानबूझकर देरी करने और चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे को तोड़ने का आरोप लगाया। आदित्य ठाकरे ने मीडिया से कहा कि पुणे में कई पूरी हो चुकी परियोजनाओं का भाजपा जानबूझकर उद्घाटन नहीं होने दे रही है। नए पुणे एयरपोर्ट टर्मिनल और अटल सेतु पुल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा अपने बड़े नेताओं की मौजूदगी में परियोजनाओं का उद्घाटन करना चाहती है। इसी वजह से परियोजनाएं शुरू नहीं हो पा रही हैं। इसका खामियाजा जनता को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने महाराष्ट्र की महायुति सरकार पर चुनाव से पहले झूठे वादे करने और जीत के बाद उसे छोड़ देने का आरोप लगाया। श्लाडली बहन योजनाश और कृषि माफी योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने इन योजनाओं का जिक्र सिर्फ चर्चा के लिए किया था। धरातल पर ये योजनाएं क्रियान्वित नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार में वापसी में श्लाडली बहन योजनाश का अहम रोल रहा था। यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा सरकार में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे लेकर आए थे। योजना के मुताबिक, प्रदेश की महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपए की वित्तीय सहायता मिलती है। चुनाव के बाद राशि को बढ़ाकर 2,100 करने का वादा किया गया था, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने श्लाडली बहन योजनाश को जल्दीबाजी में लाई गई योजना कहा था। इसके बाद से महायुति सरकार योजना को लेकर लगातार आलोचनाओं का सामना कर रही है।

## कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर को कभी अहमियत नहीं दी – दिनेश शर्मा



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने कांग्रेस पार्टी पर संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। दिनेश शर्मा ने शनिवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, देश में लोग भीमराव अंबेडकर को आराध्य भाव से देखते हैं। देश के लिए उनके समर्पण को याद किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचतीर्थ विकसित किए हैं। ये वे स्थान हैं, जहां भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवनकाल के दौरान काम किया था। कांग्रेस इसे पचा नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी भीमराव अंबेडकर को अहमियत नहीं दी। पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने खुद तो भारत रत्न ले लिया, लेकिन उन्हें नहीं दिया। कांग्रेस की बिहार में सहयोगी राजद भी यही कर रही है। केंद्र सरकार अनुसूचित जाति और जनजातियों के लिए काम कर रही है, जबकि विपक्ष उपहास उड़ा रहा है। यह शर्मनाक है। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और यात्रियों के निधन पर उन्होंने कहा, ष्विजय रूपाणी के साथ मेरा करीबी संबंध रहा है। संगठन के लिए गुजरात में हमने लंबे समय तक एक साथ काम किया।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ का दो दिवसीय पुडुचेरी दौरा, पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा



पुडुचेरी, एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 16 और 17 जून को पुडुचेरी के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वह जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (जेआईपीएमईआर) और पांडिचेरी विश्वविद्यालय में प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति 16 जून को जेआईपीएमईआर के एपीजे अब्दुल कलाम ऑडि टोरियम में श्राष्ट्र निर्माण में पर्यावरणीय स्थिरताश नामक एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। यह कार्यक्रम सायं 4 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा और इसका उद्देश्य सतत विकास के संबंध में संवाद और जागरूकता को बढ़ावा देना है। उपराष्ट्रपति धनखड़ जेआईपी एमईआर के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच एक संवाद सत्र भी करेंगे। यह राष्ट्रीय महत्व के मामलों पर शैक्षणिक समुदाय के साथ जुड़ने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उपराष्ट्रपति की ओर से एक पौधा लगाना होगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान की शुरुआत की थी। यह अभियान मातृत्व को श्रद्धांजलि देते हुए पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देता है। यह पौधा उपराष्ट्रपति की मां केसरी देवी के नाम पर लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम में पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, मुख्यमंत्री एन. रंगासामी, विधानसभा अध्यक्ष आर. सेल्वम, राज्यसभा सांसद एस. सेल्वगनबथी, लोकसभा सांसद वी. वैथिलिंगम और विधायक वी. अरौमौगामे समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। वहीं पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में 17 जून को उपराष्ट्रपति धनखड़ सुबह 10 बजे विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे। डॉ. बीआर अंबेडकर प्रशासनिक भवन के भीतर स्थित जवाहरलाल नेहरू सभागार में आयोजित एक सत्र के दौरान वे संकाय, छात्रों और प्रशासनिक कर्मचारियों के साथ बातचीत करेंगे।

## टीएमसी के शहीद दिवस कार्यक्रम में केवल ममता बनर्जी की तस्वीरों का उपयोग करने का निर्देश



कोलकाता, एजेंसी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेतृत्व ने शनिवार को सभी नेताओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे इस साल 21 जुलाई को पार्टी के वार्षिक शहीद दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अलावा किसी अन्य पार्टी नेता की तस्वीर का इस्तेमाल करने से बचें। इस साल वार्षिक कार्यक्रम में पार्टी के महासचिव और लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी की तस्वीर भी इस्तेमाल नहीं की जाएगी, जो अगले साल होने वाले महत्वपूर्ण पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले आखिरी कार्यक्रम है। शनिवार को कोलकाता में पार्टी के राज्य मुख्यालय में तृणमूल कांग्रेस की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया, जो इस साल 'शहीद दिवस' कार्यक्रम के लिए अंतिम खाका तैयार करने के लिए बुलाई गई थी। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में पार्टी के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने पुष्टि की कि पार्टी के 'शहीद दिवस' कार्यक्रम में केवल ममता बनर्जी की तस्वीरों का उपयोग करने का निर्देश किसी और ने नहीं बल्कि अभिषेक बनर्जी ने दिया था, जो मुख्यमंत्री के भतीजे भी हैं। सुदीप बंदोपाध्याय ने शनिवार को कहा, "इस साल 'शहीद दिवस' कार्यक्रम के मंच की पृष्ठभूमि के लिए जिस पोस्टर को अंतिम रूप दिया गया है, उसमें केवल मुख्यमंत्री की तस्वीर है।" राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस 'शहीद दिवस' कार्यक्रम में केवल ममता बनर्जी की तस्वीर का उपयोग करना भी सूक्ष्म राजनीतिक संदेश देता है। शहर के एक राजनीतिक पर्यवेक्षक ने कहा, ष्पहला संदेश पार्टी नेताओं के लिए है कि ममता बनर्जी के पास प्रशासनिक और संगठनात्मक दोनों मामलों में न केवल श्अंतिमश बल्कि श्एकमात्रश निर्णय लेने का अधिकार है। दूसरा, वह 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले जन अपील का एकमात्र चेहरा बनी हुई हैं। इस बीच, शनिवार को तैयारी बैठक में तृणमूल कांग्रेस के जिला नेताओं से इस साल 21 जुलाई के कार्यक्रम के लिए संबंधित जिलों से अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के लिए तैयारी शुरू करने को कहा गया। कार्यक्रम में, मुख्यमंत्री से अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के लिए अभियान की रूपरेखा तैयार करने की उम्मीद है।

## उत्तराखंड में हेलीकाप्टर संचालन के लिए सख्त एसओपी बनेगी – मुख्यमंत्री धामी



उत्तराखंड, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में हेलीकॉप्टर संचालन के लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के रविवार को निर्देश दिए हैं। केदारनाथ में रविवार को एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ ही घंटों बाद मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को सख्त एसओपी बनाने के लिए निर्देशित किया जिसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य हो। उन्होंने इसके लिए मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन को तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के निर्देश दिए जो हेली सेवा के संचालन के सभी तकनीकी व सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा करने के बाद एसओपी तैयार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समिति सुनिश्चित करेगी कि हेली सेवाओं का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुसार हो। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति, रविवार को हुई दुर्घटना के भी हर पहलू की गहनता से जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। धामी ने कहा कि यह समिति प्रत्येक हादसे के कारणों की गहराई से जांच करेगी और दोषी व्यक्तियों या संस्थाओं की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की सिफारिश करेगी।

# संपादकीय

## जानकारी का अभाव

देश दुनिया में साइबर अपराध के बढ़ते आंकड़े जहां चिंतित करने वाले हैं वहीं यह और भी आश्चर्यजनक और चिंताजनक हालात है कि लाख अवेयरनेस प्रोग्राम व मीडिया में आये दिन साइबर ठगी के समाचारों की भरमार के बावजूद देश में केवल 18 फीसदी लोग ही ऐसे हैं जिन्हें साइबर अपराध होने पर उसकी शिकायत कहां और कैसे करनी है कि जानकारी है। यह तो सरकारी आंकड़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जनवरी–मार्च, 2025 में कराये गये ताजातरीन सर्वे से यह आंकड़ें प्राप्त हुए हैं। दूसरी और यूपीआई से भुगतान में खासा बढ़ोतरी हुई हैं। आज ठेले पर सब्जी बेचने वाले से लेकर दो–पांच रुपए का सामान विक्रेता भी आसानी से यूपीआई से भुगतान प्राप्त कर रहा है। 2022–23 में जहां केवल 38 फीसदी लोग ऑनलाइन पेमेंट करते थे वह आज बढ़कर 50 प्रतिशत के लगभग हो गया है। वास्तविकता तो यह है कि आज ऑनलाइन पेमेंट करना लोगों की आदत में आ गया है। जेब में रुपया–पैसा रखना या कहीं जाते समय साथ पैसा लेजाना लोगों की आदत में अब लगभग नहीं ही रहा है। पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद है और पिछले तीन सालों में ही साइबर अपराध के आंकड़ें तीन गुणा बढ़ गए हैं। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि आज मोबाइल पर किसी का नंबर डायल करते ही पहले साइबर अपराध से सचेत रहने की कॉलर ट्यून सुनने को मिलती है और उसके बाद बात होती है। मोबाइल पर नंबर मिलाते ही नहीं अपितु सोशियल मीडिया के प्लेटफार्म खासतौर से इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर आजकल साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन या ब्लेक मेलिंग से सतर्क रहने का संदेश सुनने को मिलता है। इतने के बावजूद ठगी के आंकड़ें चेताने वाले हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इन रुपों से सबसे अधिक शिकार पढ़े लिखे और समझदार लोग ही हो रहे हैं। लाख समझाइस के बावजूद एक और ठगों के हौसले बुलंद है तो ठगी के शिकार होने वाले लोगों की संख्या और राशि में मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह होता जा रहा है। हालांकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए। ऐसा नहीं है कि साइबर अपराध केवल और केवल भारत में हो रहे हैं अपितु यह विश्वव्यापी समस्या होती जा रही है। दुनिया के देशों में देखा जाए तो साइबर ठगी के मामलों में रशिया पहले पायदान तो यूक्रेन दूसरे स्थान पर है। इनके बाद चीन, अमेरिका, नाइजेरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों सारी दुनिया में सहज पहुंच है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते है और उसी कमजोरी के चलते पढ़े लिखे और हौशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। जाल ऐसा की यह समझते हुए कि ऐसा आसानी से होता नहीं है फिर भी चक्कर में फंस ही जाते हैं और ठगों के आगे सरेण्डर होकर लुट जाते हैं।

## इजरायल-ईरान संघर्ष - एक उभरता वैश्विक खतरा

जयसिंह

इजरायल और ईरान के बीच का तनाव, वैचारिक और भू–राजनीतिक मतभेदों से उपजा है, जो हाल के वर्षों में खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। यह संघर्ष, जो कभी गुप्त अभियानों और प्रॉक्सी युद्धों तक सीमित था, अब प्रत्यक्ष



सैन्य टकराव में बदल चुका है। ईरान, एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति, इस संघर्ष को और जटिल बनाता है। इजरायल और ईरान के बीच का संघर्ष एक जटिल और खतरनाक खेल है, जिसमें दोनों पक्ष अपनी शक्ति और संकल्प का प्रदर्शन कर रहे हैं। 2019 से 2025 तक, यह छाया युद्ध से प्रत्यक्ष टकराव में बदल गया है। ईरान की क्षेत्रीय शक्ति और वैश्विक प्रभाव इसे एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनाते हैं, जिसके साथ टकराव के परिणाम केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेंगे। क्षेत्रीय युद्ध, परमाणु दौड़, और वैश्विक अस्थिरता के जोखिमों को देखते हुए, संयम और कूटनीति की जरूरत है, लेकिन अभी दोनों पक्ष पीछे हटने के मूड में नहीं दिखते।।

इस्लामी क्रांति से पहले तनावमुक्त थे दोनों देश

1979 की इस्लामी क्रांति से पहले, शाह के शासनकाल में ईरान और इजरायल के बीच एक शीतल शांति थी। क्रांति के बाद, अयातुल्ला खोमैनी के नेतृत्व में ईरान ने इजरायल की वैधता को खारिज कर दिया और फिलिस्तीनी समूहों (जैसे हमास) और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों का समर्थन शुरू किया। ईरान का परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव इजरायल के लिए एक अस्तित्वगत खतरा बन गया। दूसरी ओर, इजरायल ने गुप्त अभियानों, हत्याओं और साइबर हमलों (जैसे 2010 का स्टक्सनेट वायरस) के माध्यम से ईरान को कमजोर करने की रणनीति अपनाई।

छाया युद्धों का तेज होना

2019 में इजरायल ने सीरिया, इराक और लेबनान में ईरान समर्थित ठिकानों पर हमले किए। ईरान ने इराक में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं। 2020 में अमेरिका ने ईरान के कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या की, जिसका इजरायल ने समर्थन किया। उसी वर्ष ईरान के परमाणु वैज्ञानिक मोहसन फखरीजादेह की हत्या हुई, जिसके लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया गया। 2021 में समुद्री हमलों की श्रृंखला हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर जहाजों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। 2022 में इजरायल और अमेरिका ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने की प्रतिबद्धता जताई।

इजरायल–हमास युद्ध और क्षेत्रीय तनाव

7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए। इससे गाजा में युद्ध शुरू हुआ। हिजबुल्लाह और हाउथी जैसे ईरान समर्थित समूहों ने इजरायल पर हमले किए। दिसंबर 2023 में इजरायल ने सीरिया में ईरान के एक कमांडर को मार गिराया। 2024 में तनाव चरम पर पहुंचा। अप्रैल में इजरायल ने दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला किया, जिसके जवाब में ईरान ने इजरायल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागीं। जुलाई में हमास नेता इस्माइल हनियाह की तेहरान में हत्या और सितंबर में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की बेरूत में हत्या ने स्थिति को और गंभीर किया। अक्टूबर में ईरान ने 180 मिसाइलों से इजरायल पर दूसरा हमला किया। इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ जमीनी अभियान शुरू किया।

2025– ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला

12 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान को परमाणु दायित्वों का उल्लंघन करने वाला घोषित किया। अगले दिन इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य सुविधाओं पर हमले किए। तेहरान में विस्फोट हुए, और ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली क्षतिग्रस्त हो गई। ईरान ने जवाबी कार्रवाई का वादा किया, लेकिन उसकी क्षमता सीमित दिख रही है।

दीर्घकालिक प्रभाव– ईरान की स्थिति का महत्व

ईरान कोई मामूली देश नहीं है। यह एक ऊर्जा महाशक्ति है, जिसके पास विशाल तेल भंडार, एक मजबूत वैचारिक आधार, और क्षेत्रीय प्रभाव है। ईरान की जवाबी कार्रवाही, चाहे प्रत्यक्ष या प्रॉक्सी के माध्यम से, एक बहु–मोर्चा युद्ध को जन्म दे सकती है। हिजबुल्लाह या हाउथी के हमले लेबनान, सीरिया, या यमन में युद्ध को और भड़का सकते हैं। यह क्षेत्र पहले से ही शरणार्थी संकट और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहा है। इजरायल के हमले ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अस्थायी रूप से कमजोर कर सकते हैं, लेकिन वे ईरान को गुप्त रूप से परमाणु हथियार विकसित करने के लिए और प्रेरित कर सकते हैं। यह सऊदी अरब और तुर्की जैसे अन्य देशों को परमाणु हथियारों की दौड़ में शामिल होने के लिए प्रेरित कर सकता है, जो मध्य पूर्व को और अस्थिर करेगा। ईरान के तेल क्षेत्र पर हमले वैश्विक तेल कीमतों को बढ़ा सकते हैं, जो पहले से ही अस्थिर हैं।

## केंद्र सरकार के उपक्रम बन रहे कमाऊ पूत

प्रह्लाद

आज से एक दशक से अधिक समय पूर्व तक केंद्र सरकार के उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। परंतु, आज स्थिति एकदम बदल गई है एवं अब केंद्र सरकार के उपक्रम केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में भारी भरकम राशि प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024–25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णतरू अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है। वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसके बाद ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, आईओसी ने 41,730 करोड़ रुपए, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40,916 करोड़ रुपए, भारतीय कोयला निगम ने 37,402 करोड़ रुपए, बीपीसीएल ने 26,859 करोड़ रुपए, एनटीपीसी ने 20,812 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ोदा ने 18,767 करोड़ रुपए, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम ने 16,015 करोड़ रुपए एवं पावर फाइनेन्स करपोरेशन ने 15,889 करोड़ रुपए की राशि का लाभ अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड, कनारा बैंक, आरईसी लिमिटेड एवं यूनियन बैंक, ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। साथ ही, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडीयन बैंक, जैसे केंद्र सरकार के 42 अन्य उपक्रमों ने भी भारी भरकम राशि का लाभ अर्जित किया है। केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024–25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को इस वर्ष 2.70 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश अदा करने की घोषणा की है। विभिन्न केंद्र सरकार के उपक्रमों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश अदा किया है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं केंद्र सरकार के उपक्रमों से प्राप्त होने वाली कुल लाभांश की राशि वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए बजट में किए गए प्रावधान की राशि से कहीं अधिक है। इसी प्रकार, केंद्र सरकार को प्रत्येक माह प्राप्त होने वाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि भी अब मासिक औसत के रूप से 2 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। अप्रेल 2025 माह में तो केंद्र सरकार को रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व वस्तु एवं सेवा कर की मद से प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार, मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व जीएसटी मद से प्राप्त हुआ है। देश में प्रत्यक्ष कर (आय कर एवं कारपोरेट कर सहित) के रूप में प्राप्त राशि अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त राशि से कहीं अधिक रही है। देश के आम नागरिकों के हित में यह बहुत अच्छा कार्य हुआ है क्योंकि प्रत्यक्ष कर उन नागरिकों से प्राप्त किया जाता है जो इस कर को अदा कर सकने की क्षमता एवं योग्यता रखते हैं अर्थात उनकी आय कर देने योग्य आय के स्तर से ऊपर रहती है जबकि अप्रत्यक्ष कर समाज के प्रत्येक वर्ग पर सामान्य रूप से एक जैसा लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में 22.26 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष कर के रूप में केंद्र सरकार को प्राप्त हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्राप्त 19.60 लाख करोड़ रुपए की राशि से 13.57 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अप्रत्यक्ष कर (जिसमें वस्तु एवं सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क शामिल हैं) के रूप में प्राप्त राशि का लक्ष्य 16.33 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित किया गया था। अप्रत्यक्ष कर की मद की तुलना में प्रत्यक्ष कर की मद से अधिक कर राशि का संग्रहण होना यह भी दर्शाता है कि भारत में नागरिकों की कर देने योग्य आय में वृद्धि दर अधिक है एवं आय कर अदा करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय सुधार हो रहा है। अर्थात, देश में उच्च आय अर्जित करने वाले नागरिकों एवं मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक अब तेज गति से मध्यमवर्गीय नागरिकों की श्रेणी में परिवर्तित हो रहे हैं। यदि भारत के नागरिक लगातार इसी प्रकार की आर्थिक तरक्की करते रहे।

# .......... विविध ..........

## बेवजह उदास हो जाते हैं और बनी रहती है चिंता? जरूर जान लीजिए ये बातें वरना बढ़ सकती है दिक्कत



उदासी हो या खुशी ये दोनों हमारी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं हैं, जिनसे हमारे मूड का पता चलता है। किसी दुख, चिंता में मन उदास हो जाता है, वहीं अपनों से मिलने, सफलता प्राप्त होने पर खुशी का एहसास होता है। पर कई बार हमारा मन बिना किस कारण के भी उदास महसूस करने लगता है। आखिर ऐसा क्यों होता है? जब हम परेशान होते हैं या किसी विषय पर अत्यधिक सोचने लगते हैं तो कई बार उदास महसूस करते हैं। इस हालत में ओवर थिंकिंग हो सकती है, जो चिंता और तनाव का कारण भी बन सकती है। लेकिन कई बार उदासी बेवजह भी हो सकती है। इसके कई कारण हो सकते हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।

बिना कारण उदास होना

बिना कारण हर वक्त उदास रहना अवसाद के कारण भी हो सकता है। अगर यह समस्या दो सप्ताह से ज्यादा बनी रहती है तो यह गंभीर मानसिक स्थिति का रूप ले सकती है। रिप्रोडक्टिव हार्मोन्स में बदलाव आने से भी दिनभर उदासी हो सकती है, ऐसा ज्यादातर महिलाओं में होता है। कई बार लोग कुछ ऐसी परिस्थितियों से गुजर रहे होते हैं, जिनका समाधान उनके पास भी नहीं होता है। ऐसे में न चाहते हुए भी उन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा सोचने लगते हैं और परेशान होने लगते हैं। इसका कारण काम का तनाव, किसी करीबी का बीमार होना, रिश्ते से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं।

क्या कहते हैं मनोचिकित्सक?

मौसम में बदलाव आने पर भी शरीर पर असर पड़ता है, जिससे जीवनशैली में बदलाव आता है। यह भी बेवजह उदास रहने और मूड बदलने का कारण बन सकता है। वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. एस धनंजय कहते हैं, जब बिना वजह दिल भारी लगे, तो जरूरी है वजह को समझना। डोपामिन और सेरोटोनिन की कमी अक्सर उदासी बने रहना का प्रमुख कारण हो सकता है। ये दो खास 'फील गुड' हार्मोन हैं। इनकी कमी से मूड खराब रहता है और लगातार थकावट या दुख का एहसास बना रहता है। इसके अलावा थायरॉइड की समस्या या हार्मोनल असंतुलन भी आपके मूड को प्रभावित कर सकता है। खासकर महिलाओं में थायरॉइड, पीसीओएस या मेनोपॉज के कारण मूड में उतार–चढ़ाव और उदासी देखी जाती है।

अक्सर उदासी बने रहने के इन कारणों को भी जानिए

अक्सर उदास रहने, काम में मन न लगने या चिंतित रहने के पीछे कई और भी कारण हो सकते हैं जिनके बारे में समझना जरूरी है। नींद की कमी या नींद में अनियमितता के कारण दिमाग को पर्याप्त आराम नहीं मिलता और इसका सीधा असर मूड पर पड़ता है। अध्ययनों में कुछ प्रकार के विटामिन्स जैसे विटामिन–डी और बी12 की कमी को भी आपके मूड को प्रभावित करने वाला पाया गया है। इसके अलावा बार–बार खुद को दोष देना, भविष्य को लेकर चिंता करना या पुराने अनुभवों को दोहराते रहना भी उदासी को बढ़ाता है।

क्या है उपाय?

डॉक्टर कहते हैं उदासी की समस्या से बाहर आने के लिए करीबियों से अपनी भावनाएं साझा करें। मनपसंद गाने सुनें या मनपसंद कार्यों में ध्यान लगाएं। समस्या बढ़ने पर मनोवैज्ञानिक से संपर्क जरूर करें। अगर यह उदासी हफ्तों तक लगातार बनी रहती है, तो यह क्लिनिकल डिप्रेशन भी हो सकता है जिसे इलाज की जरूरत होती है, इसे अनदेखा बिल्कुल न करें।

## संडे को सुबह नाश्ते में बनाएं खास ब्रेकफास्ट, सबको आएगा पसंद

संडे, यानि की रविवार–इतवार का दिन है। इस दिन ऑफिसों से लेकर स्कूलों और कॉचिंग की भी छुट्टी होती है। हालांकि अभी स्कूलों में तो अवकाश ही चल रहे हैं, लेकिन कई जगह समर कैंप भी आयोजित होते हैं, पर आज रविवार को सभी का अवकाश होता है। अब जब आज सभी लोग घर पर हैं तो कुछ खास नाश्ता तैयार करना तो बनता है। संडे के दिन लोग देर से सोकर उठते हैं, ऐसे में हम आपको नाश्ते के कुछ आसान विकल्प बताने जा रहे हैं, जो बनाने में भी काफी आसान है, और जिन्हें खाकर सभी का दिन एकदम से खुश हो जाएगा। हमारे बताए गए इन नाश्तों को बनाना काफी सरल है।

ब्रेड रोल

एकदम कुरकुरे ब्रेड रोल हर किसी को खाने में पसंद आएंगे। इसे बनाने के लिए सबसे पहले उबले हुए आलूओं से स्टफिंग तैयार करनी है। इसके लिए आलूओं को अच्छी तरह से मैश करके उसमें मसाले मिक्स करने हैं। चाहें तो आलूओं को मसाले के साथ फ्राई कर सकते हैं, वरना आप इससे भरता भी तैयार कर सकते हैं। अब हल्का गीले ब्रेड स्लाइस में इसे भर इसे रोल का आकार दें। इसे अच्छी तरह से पैक करें, ताकि ये खुल न जाए। आखिर में इसे या तो डीप फ्राई करें, या फिर आप इसे बेक भी कर सकते हैं। इसे यदि आप तीखी या अमली की चटनी के साथ परोसेंगे तो इसका स्वाद बढ़ जाएगा।

सूजी उपमा

यदि आप कुछ हेल्दी बनाने का प्लान कर रहे हैं तो सूजी का उपमा एक बेहतर विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए सूजी, राई, करी पत्ता, प्याज, हरी मटर, गाजर की जरूरत आपको पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले कढ़ाई में राई और करी पत्ते का तड़का लगाएं। इसके बाद पैन में सब्जियां भूनें, फिर भुनी हुई सूजी डालें। अब सूजी में पानी मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। जब ये पूरी तरह से सूख जाएं कि इसे अचार या फिर नारियल की चटनी के साथ परोसें। ये हल्का भी रहेगा और स्वादिष्ट भी।

चीज कॉर्न पराठा

कुछ हैवी बनाने का प्लान कर रहे हैं तो चीन कॉर्न पराठे से बेहतर कुछ हो नहीं सकता। पराठा भारतीयों का पसंदीदा नाश्ता होता है। इसे बनाने के लिए आपको उबले स्वीट कॉर्न, चीज, हरा धनिया, मसाले, गेहूं का आटा की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले कॉर्न और चीज की स्टफिंग तैयार करें। इसके बाद इसे आटे की लोई में भरकर पराठा तैयार करें। अब इसे देसी घी के साथ सुनहरा होने तक सेकें। अच्छी तरह से सेकने के बाद इसे दही और अचार के साथ परोसें और घर वालों का दिल जीतें।



## दिल्ली से कैंची धाम कैसे जाएं ? जानिए बस-ट्रेन और फ्लाइट का किराया



उत्तराखंड की खूबसूरती किसी से छिपी नहीं है। यहां के खूबसूरत नजारों को देखने के लिए दूर–दूर से लोग पहुंचते हैं, जिस कारण अक्सर वीकेंड्स पर वहां काफी भीड़ भी हो जाती है। वैसे तो यहां कई जगहें हैं जहां के दृश्य बेहद खूबसूरत हैं, पर अगर बात करें कैंची धाम की तो यहां जाकर लोगों को मन की शांति भी मिलती है। बाबा नीम करोली का ये कैंची धाम नैनीताल जिले में स्थित है। कैंची धाम में देश–विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। यहां की ऊर्जा, शांति और दिव्यता देखते ही बनती है। आज 15 जून को कैंची धाम का 61वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, जिसे लेकर उत्तराखंड सरकार विशेष तैयारियां की हैं। अगर आप भी कैंची धाम जाने का प्लान कर रहे हैं लेकिन समझ नहीं आ रहा है कि कैंची धाम कैसे जाएं पूरी ट्रिप प्लान कैसे करें तो इस लेख को अंत तक पढ़ें।

दिल्ली से कैंची धाम तक बस यात्रा

यदि आप दिल्ली से कैंची धाम बस से जाना चाहते हैं तो ये समझ लें कि दिल्ली से नैनीताल या काठगोदाम तक सीधी बसें जाती हैं, फिर वहां से स्थानीय परिवहन द्वारा कैंची धाम पहुंचा जाता है। कई प्राइवेट बसें सीधे कैंची धाम तक जाती हैं। बात करें इनके किराये की तो साधारण बस का किराया 300–400 रुपये तक रहता है, जबकि एसी और स्लीपर बस का किराया 700 से1,200 तक होता है। इसमें आपको 7 से 9 घंटे आराम से लगेंगे।

दिल्ली से कैंची धाम तक ट्रेन यात्रा

कैंची धाम का निकटतम रेलवे स्टेशन काठगोदाम है। ये कैंची धाम से लगभग 42 किमी दूर है। दिल्ली से काठगोदाम की मुख्य ट्रेनें शताब्दी एक्सप्रेस और रानीखेत एक्सप्रेस हैं। यदि ट्रेन से टिकट बुक कर रहे हैं तो स्लीपर क्लास का टिकट 250 रुपये है, और एसी क्लास का टिकट 600–700 रुपये में आ जाएगा। काठगोदाम से आपको कैंची धाम टैक्सी या बस से जाना होगा। टैक्सी या बस द्वारा 50दृ100 खर्च हो सकता है।

दिल्ली से कैंची धाम तक फ्लाइट यात्रा

कैंची धाम या फिर नैनीताल का खुद को कोई एयरपोर्ट नहीं हैं। यदि दिल्ली से फ्लाइट बुक करके कैंची धाम जा रहे हैं तो उसके लिए निकटतम हवाई अड्डा पंतनगर हवाई अड्डा है, जो लगभग 75 किलोमीटर दूर है। इसका किराया आसानी से 5000 से 8000 रुपये तक पड़ेगा। इसके बाद एयरपोर्ट से कैंची धाम जाने के लिए टैक्सी द्वारा 2,000दृ3,500 खर्च हो सकता है।

दिल्ली से कैंची धाम तक कार से यात्रा

यदि आप खुद की कार से कैंची धाम जाने का प्लान बना रहे हैं तो ये एक बेहतर विकल्प है। इसमें तकरीबन लगभग 7 से 8 घंटे का समय लग सकता है। इसमें आपके आसानी से 4000 रुपये तक खर्च हो सकते हैं। इसमें टोल टैक्स शामिल है। आप दिल्ली से कैंची धाम अपनी कार से जा सकते हैं, वो सबसे बेहतर विकल्प है।

कहां रुकें ?

अगर आप कम पैसे में रुकने की जगह देखने तलाश कर रहे हैं तो आश्रम में ठहरना बेहतर विकल्प है। आश्रम में ठहरने की सुविधा सीमित होती है, इसलिए पहले से इसकी बुकिंग कर लें, ताकि आपको कोई परेशानी न हो।

यदि बजट का कोई दिक्कत नहीं है कैंची धाम के नजदीकी होटल में रुकें। आपको यहां बजट होटल 1,200 से 3000 रुपये प्रति रात के लिए आसानी से मिल जाएंगे।

# प्रदेश के इन नौ जिलों में खुलेंगे नए सर्वोदय विद्यालय

लखनऊ, संवाददाता। प्रदेश के नौ जिलों में चालू सत्र से नए सर्वोदय विद्यालय प्रारंभ हो जाएंगे। इनमें मथुरा, बलिया, पीलिभीत, मनकापुर (गोंडा), सरवनखेड़ा (कानपुर देहात), अमरोहा, महाराजगंज, अंबेडकरनगर और मैनपुरी शामिल हैं। समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक जे. राम ने बताया कि इन विद्यालयों में सत्र 2025–26 में कक्षा 6 से 8 तक कुल 2000 बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। अगले वर्ष से कक्षा 12 तक इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू होगा। वर्तमान में 58 जिलों में कुल 100 सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। 9 नए विद्यालयों के साथ अब 62 जिलों में सर्वोदय विद्यालय चलेंगे। इनमें से 45 विद्यालयों में आवासीय सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। इस तरह से कुल 109 आवासीय विद्यालय हो जाएंगे। इनमें 85 प्रतिशत छात्र ग्रामीण व 15 प्रतिशत शहरी क्षेत्र से चयनित किए जाते हैं। 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति व जनजाति, 25 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग व 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाता है। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की जहां 2018–19 में संख्या 32429 थी, वहीं 2025–26 में करीब 37,000 छात्र–छात्राएं लाभान्वित होंगे।

उपलब्ध कराए जाएंगे टैबलेट डबल इंजन की सरकार समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक शिक्षा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सर्वोदय विद्यालयों में आधुनिक लैब, मेस, कंप्यूटर व टैबलेट भी उपलब्ध कराए गए हैं।

# अतुल सिन्हा बने लखनऊ के नए क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी




लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। अतुल सिन्हा अब लखनऊ मंडल के नए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी (आरएसओ) होंगे। वे अनिमेष सक्सेना की जगह लेंगे, जिनका महज पांच माह में तबादला कर दिया गया। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार कुल चार मंडलों में तैनात क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारियों का ट्रांसफर किया गया। अतुल सिन्हा इससे पहले वह मेरठ मंडल में तैनात रहे। लखनऊ में तैनात रहे अनिमेष सक्सेना को अयोध्या मंडल भेजा गया है। बताते चले ही पांच माह पूर्व ही अनिमेष को लखनऊ मंडल का आरएसओ का चार्ज सौंपा गया था। उसी समय मेरठ मंडल की जिम्मेदारी अतुल सिन्हा को सौंपी गई थी। दोनों खिलाड़ियों को प्रमोशन की बाद नई जिम्मेदारी दी गई थी। शासन ने दो अन्य आरएसओ के कार्यक्षेत्रों में बदलाव किया गया है। इनमें आरएसओ चंचल मिश्रा को बरेली मंडल भेजा गया है। वहीं बरेली में तैनात रहे जितेंद्र यादव के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर उन्हें मेरठ मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। जितेंद्र यादव लखनऊ के भी आरएसओ और स्पोर्ट्स कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रह चुके हैं। खेल निदेशक डॉ आरपी सिंह के अनुसार प्रदेश भर में चार आरएसओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। उम्मीद है कि नवीन तैनाती हासिल करने वाले चारों अधिकारी बेतहर परिणाम देंगे। तीन क्रीड़ाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव खेल विभाग ने तीन क्रीड़ाधिकारियों (स्पोर्ट्स ऑफिसर) के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें मेयो हाल इलाहाबाद में तैनात संदीप गुप्ता को महोबा, राहुल चोपड़ा को फिरोजाबाद से सहारनपुर और सरिता रानी को बागपत से महाराजगंज भेजा गया है।

# दलित बेटी का सवाल है... तत्काल एफआईआर दर्ज हो

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को लेकर बड़ा बयान दिया है। चंद्रशेखर पर दलित लड़की द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों पर कहा कि मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। सरकार को भी मौन नहीं धारण करना चाहिए। गंभीरता पूर्वक इस मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। दलित बेटी की आवाज दबनी नहीं चाहिए। उसकी आवाज सामने आनी चाहिए। पूर्व सांसद ने आगे कहा कि जनवरी 2023 में जब मेरे ऊपर कुछ लोगों ने आरोप लगाए थे, तब चंद्रशेखर आजाद ने कहा था यदि समाज अनुमति दे तो मैं उनको घसीटकर ले जाऊंगा। आज मैं उनसे पूछना चाहता हूं, मेरे ऊपर तो एफआईआर हो गई। मैं न्यायपालिका का सामना कर रहा हूं। दूध का दूध, पानी का पानी सामने आ जाएगा। मैंने मीडिया के सामने ऑन कैमरा कहा था कि



जिस दिन मेरे ऊपर एक भी आरोप साबित हो जाएगा, उस दिन मैं स्वतः फांसी पर लटक जाऊंगा या आत्महत्या कर लूंगा। आज मैं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद से पूछना चाहता हूं, वह बल तुम्हारा कहां गया। उस समय जाट की बेटियों का सवाल था। इस समय दलित की बेटी का सवाल है। क्या इस पर मीडिया के सामने चंद्रशेखर आजाद मुंह खोलेंगे। उनका क्या कहना है, वह जो आरोप लगा रही है, उसका उनको जवाब देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज मैं उन लोगों से पूछना चाहता हूं, जो न्याय के बड़े ठेकेदार हैं, आज वह क्यों मौन हैं? कांग्रेस क्यों मौन है? आम आदमी पार्टी क्यों मौन है? किसान नेता क्यों मौन हैं? ममता बनर्जी, अशोक गहलोत क्यों मौन हैं? आज यह लोग चुप क्यों बैठे हैं? क्या इनके ऊपर एफआईआर नहीं होनी चाहिए? मैं यह नहीं कह रहा हूं कि इनको फांसी पर लटका दिया जाए। लेकिन, आज दलित की बेटी का सवाल है। वास्तव में कमजोर वर्ग के बेटी का सवाल है। मेरा मानना है कि सरकार को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। जांच में जो निकले उसके बाद कार्रवाई होनी चाहिए।

# बिजली विभाग ने बिल बकाया होने के बाद भी बहू के नाम पर दे दिया नया कनेक्शन

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ में बिजली विभाग के कुछ अधिकारियों पर मनमानी और भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप है। शिकायत मिलने पर अधिशासी अभियंता ने मामले में जांच कराकर रिपोर्ट अफसर को सौंप दी है। मामला अमेठी उपकेंद्र का है, जहां बिना विभागीय अनुमति और एस्टीमेट के गोसाईगंज क्षेत्र निवासी रियल एस्टेट कारोबारी के गंगागंज इलाके में स्थित प्लॉट से 11 हजार वोल्ट की लाइन का पोल शिफ्ट कर दिया गया। आरोप है कि अवर अभियंता (जेई) ने कारोबारी से 42 हजार रुपये लेकर बिना किसी विभागीय अनुमोदन के संविदाकर्मियों के जरिये पोल हटवा दिया। यही नहीं, रहमत नगर क्षेत्र में नियमों को नजरअंदाज करते हुए सौ मीटर से अधिक दूरी पर दो मकानों को बिजली कनेक्शन भी दे दिए गए। बताया गया कि जेई ने विभागीय प्रक्रिया के तहत एस्टीमेट तैयार करने के बजाय उपभोक्ताओं से सीधे पैसे लेकर पोल और तार लगवाकर कनेक्शन दे दिया। अधिशासी अभियंता मोहनलालगंज श्रवण कुमार सिंह ने एसडीओ मोहनलालगंज आशुतोष कुमार व एसडीओ गोसाईंगंज चंद्रसेन पटेल की अगुवाई में दो सदस्यीय कमेटी से जांच कराई। अधिशासी अभियंता के मुताबिक, रिपोर्ट के आधार पर अमेठी उपकेंद्र के अवर अभियंता धीरज दीक्षित के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

बकाया बिजली बिल के बाद भी बहू के नाम पर दिया गया नया कनेक्शन

अमेठी उपकेंद्र से जुड़े संजय नगर के निवासी बृजेंद्र मैथ शुक्ला पर 97 हजार रुपये का बिजली बिल बकाया है। इस पर विभाग ने उनका कनेक्शन काट दिया था, लेकिन कुछ दिन बाद उसी मकान में उनकी बहू के नाम पर नया कनेक्शन दे दिया गया। अब इस मामले की भी जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### कारागार विभाग में 12 अफसरों का तबादला

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में रविवार को कारागार विभाग में 12 अफसरों का तबादला किया गया है। इनमें राजेश कुमार राय को जिला कारागार उन्नाव से आगरा भेजा गया है। सुरेंद्र मोहन सिंह को जिला कारागार लखनऊ से मथुरा भेजा गया है। राजेश कुमार मौर्य को जिला कारागार बांदा से गौतमबुद्धनगर, नीरज कुमार श्रीवास्तव को जिला कारागार श्रावस्ती से मुजफ्फरनगर, विकास कटियार को जिला कारागार आजमगढ़ से गाजियाबाद भेजा गया है। इसके अलावा सुरेश बहादुर सिंह को जिला कारागार अयोध्या से वाराणसी, हरिबंश पाण्डेय को जिला कारागार खीरी से मेरठ, राजेश कुमार–1 को जिला कारागार मऊ से उन्नाव भेजा गया है। वहीं वीरेन्द्र कुमार वर्मा को के०का० वाराणसी कारागार से विशेष ड्यूटी में जिला कारागार एटा भेजा गया है। कृष्ण मोहन चन्द को जिला कारागार महराजगंज से उन्नाव और अंजनी कुमार गुप्ता को केन्द्रीय कारागार नैनी से जिला कारागार झांसी भेजा गया है।

### नए फार्मा संस्थान शुरू करने के लिए सत्र शून्य

लखनऊ, संवाददाता। प्रदेश में कोविड काल में काफी संख्या में खुल गए फार्मेसी कॉलेजों के बाद अब नए कॉलेजों व पाठ्यक्रम शुरू करने पर सख्ती की जा रही है। इसे देखते हुए प्राविधिक शिक्षा विभाग ने नए सत्र 2025–26 में नए बीफार्मा संस्थान व पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए सत्र शून्य घोषित कर दिया है। प्रदेश में फार्मेसी से जुड़े डिग्री स्तर के संस्थानों को संबद्धता डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की ओर से दी जाती है। कोविड के दौरान विवि से संबद्ध फार्मेसी कॉलेजों की संख्या 400 पहुंच गई। यहां पर 30 हजार से अधिक सीटें हैं। किंतु हाल के वर्षों में इसमें अपेक्षाकृत कम प्रवेश हो रहे हैं। इसकी वजह से विवि प्रशासन ने इसकी समीक्षा शुरू कर दी। इसी क्रम में प्राविधिक शिक्षा विभाग की ओर से भी दो साल से नए फार्मेसी कॉलेजों को संबद्धता नहीं दी जा रही है। हालांकि वर्तमान सत्र 2024–25 में 62 कॉलेजों को हाईकोर्ट के आदेश के बाद संबद्धता दी गई है। वहीं नए सत्र को लेकर प्राविधिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी निर्देश के क्रम में एकेटीयू ने निर्देश जारी किया है। एकेटीयू रजिस्ट्रार रीना सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि शासन के निर्णय के अनुसार विवि की ओर से नए सत्र 2025–26 में बीफार्मा के नए संस्थान व पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए सत्र शून्य घोषित किया जाता है। एकेटीयू में इस समय नए सत्र 2025–26 के लिए नए संस्थान, नए कोर्स शुरू करने व पहले से चल रहे संस्थान व कोर्स के संबद्धता विस्तार के लिए ऑनलाइन आवेदन चल रहे हैं। रजिस्ट्रार रीना सिंह के अनुसार इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 14 जून निर्धारित थी। इसे बढ़ाकर 16 जून तक कर दिया गया है। एकेटीयू में यूजी–पीजी की दूसरे चरण की परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने व शुल्क जमा करने की तिथि 15 जून निर्धारित की गई थी।

# हत्या के गवाह को आरोपियों ने दी जान से मारने की धमकी

लखनऊ, संवाददाता। विकासनगर में गत 12 मार्च को पिटाई से हुई फास्ट फूड विक्रेता हरीश चंद्र की मौत के मामले में मुख्य गवाह बेहटा निवासी सुमित मौर्या ने जेल से जमानत पर छूटे गैर इरादतन हत्या के आरोपियों चांद बाबू, पुनीत कश्यप व उनके सात अज्ञात साथियों पर उन्हें धमकाने का आरोप लगाया है। विकासनगर पुलिस ने मामले में शनिवार को दोनों आरोपियों सहित नौ लोगों के खिलाफ धमकाने की धारा में एफआईआर दर्ज की है। सुमित के मुताबिक, 12 मार्च 2025 को विकासनगर स्थित घरौंदा कॉम्प्लेक्स के पीछे रहने वाले दोस्त शंकर लाल कश्यप के बेटे हरीश चंद्र कश्यप की उनके चचेरे भाई पुनीत कश्यप और चांद बाबू ने पिटाई कर दी थी। घटना में हरीश चंद्र की मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### भाषा विवि को नैक में मिला बी प्लस–प्लस ग्रेड

लखनऊ, संवाददाता। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के निरीक्षण में बी प्लस–प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय ने पहली बार नैक की ग्रेड हासिल की है। जून के पहले सप्ताह में नैक की ये ने निरीक्षण किया था। यह निरीक्षण प्रशासनिक दक्षता, आधारभूत संरचना, शिक्षण विधियों, शोध कार्यों, नवाचार, विश्वविद्यालय कल्याण, सामाजिक गतिविधियां और समग्र विकास पर केंद्रित था। इसके आधार पर टीम ने अपनी ग्रेड दी है। विश्वविद्यालय को सीजीपीए मूल्यांकन के आधार पर 2.86 अंक हासिल हुए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि भाषा विश्वविद्यालय के लिए नैक पीयर टीम का निरीक्षण विश्वविद्यालय परिवार के लिए आत्मविश्लेषण का अवसर रहा। नैक पीयर टीम से मिले सुझावों का पालन करते हुए हम अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता को और भी बेहतर बनाएंगे। भाषा विश्वविद्यालय के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के निदेशक प्रो. सोबान साईद ने कहा कि यह विश्वविद्यालय परिवार की मेहनत का नतीजा हैस भाषा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने कहा कि नैक ग्रेडिंग ने भाषा विश्वविद्यालय को पूर्णतः का दर्जा दिलाया है। हम इसमें सुधार करेंगे।

### लविवि के प्रो. रविकांत पर मुकदमा चलाने की मंजूरी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) के हिंदी विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रविकांत चंदन पर मुकदमा चलाने की अनुमति विवि प्रशासन ने दे दी है। कुलपति प्रो. आलोक राय ने अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की, जिसके बाद कुलसचिव डॉ. विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में पत्र जारी कर शासन को सूचित कर दिया है। गृह विभाग की ओर से 18 नवंबर 2024 को विवि प्रशासन से अभियोजन की स्वीकृति मांगी गई थी। इसमें 19 सितंबर को भेजे गए एक पत्र का हवाला भी दिया गया था। कार्यपरिषद से अपेक्षित सहमति के बाद कुलपति ने अभियोजन की मंजूरी प्रदान की।

लगातार विवादों में रहे हैं प्रोफेसर डॉ. रविकांत पूर्व में भी विवादों में रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर पर की गई उनकी टिप्पणी पर जमकर हंगामा हुआ था। हाल ही में आरएसएस पर सोशल मीडिया पर की गई एक टिप्पणी को लेकर भी बवाल खड़ा हो गया था। डॉ. रविकांत ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि सोनम और मुस्कान जैसी लड़कियां आरएसएस के नफरती सोच की उपज हैं। इस बयान के बाद छात्रों ने आपत्ति दर्ज कराई थी।

### आयुष्मान योजना में नौ करोड़ 94 लाख के घपलेबाजों को चिह्नित नहीं कर सकी पुलिस

लखनऊ, संवाददाता। आयुष्मान योजना में नौ करोड़ 94 लाख के घपले के मामले में पुलिस अब तक घपलेबाजों को चिह्नित नहीं कर पाई है। घपले के 7.01 करोड़ रुपये सांचीज एजेंसी को वापस भी मिल चुके हैं। बची हुई रकम वापस हासिल करने के लिए प्रयास जारी है। एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि मामले में छह जून को हजरतगंज थाने में आयुष्मान के तहत भुगतान कराने वाली एजेंसी सांचीज के नोडल है।

# यूपी में 11 आरटीओ... 24 एआरटीओ का हुआ तबादला



लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में परिवहन विभाग में 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के तबादले किए गए हैं। झांसी में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) प्रभात पांडेय लखनऊ के नए आरटीओ (प्रवर्तन) होंगे। वहीं लखनऊ में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज को अब मुरादाबाद का आरटीओ (प्रवर्तन) बनाया गया है। परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर तैनात आरटीओ अनीता सिंह को मेरठ का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ में तैनात आरटीओ प्रशासन हिमेश तिवारी को प्रयागराज का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। राजेश कुमार वर्मा को मिर्जापुर से हटकर झांसी का आरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है। बस्ती में तैनात आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ला को मिर्जापुर का आरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है। बरेली में तैनात आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार को मुख्यालय पर सड़क सुरक्षाध्प्रदूषण नियंत्रण का कार्यभार सौंपा गया है। मुरादाबाद में तैनात आरटीओ प्रणव झा को अब बरेली के आरटीओ प्रवर्तन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नव प्रोन्नत संभागीय परिवहन अधिकारी, संप्रति सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सिद्धार्थ नगर, सुरेश कुमार मौर्य को बस्ती का संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बनाया गया है। प्रयागराज में आरटीओ प्रशासन के पद पर तैनात राजेश कुमार मौर्य अब गोंडा के नए आरटीओ प्रशासन होंगे। गोंडा में तैनात आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव को (नगर परिवहनधनियोजनध्जल परिवहन), मुख्यालय और अतिरिक्त प्रभार उपनिदेशक, राजस्व एवं विशिष्ट अभिसूचना (परिवहन) बनाया गया है।

इन एआरटीओ के हुए तबादले

प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन अलका शुक्ला को सुल्तानपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ परिक्षेत्र में तैनात एआरटीओ टेक्निकल अमिताभ चतुर्वेदी को संभल का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्त को सुल्तानपुर का एआरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है। बुलंदशहर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन राजीव कुमार बंसल को लखनऊ का एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल बनाया गया है। सुल्तानपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार को गौतम बुद्ध नगर का एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल बनाया गया है। वाराणसी में तैनात एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी को सीतापुर का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सोनभद्र में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल धनवीर यादव को एआरटीओ प्रशासन गाजीपुर बनाया गया है।

# किशोरी को छत से फेंकने के मामले में मजिस्ट्रेटी बयान पर टिकी पुलिस की विवेचना

लखनऊ, संवाददाता। बीबीडी इलाके में छेड़छाड़ के विरोध पर किशोरी को पीटकर छत से फेंकने के मामले में मुख्य आरोपी सिपाही मुकेश को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन सह आरोपी महिला सिपाही कुमकुम और उसके भाई अंकित के खिलाफ अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पुलिस दोनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए मजिस्ट्रेटी बयान का इंतजार कर रही है। एसीपी विभूतिखंड विनय द्विवेदी ने बताया कि अभी तक की छानबीन व जांच में मुख्य आरोपी सिपाही मुकेश की ही भूमिका मिली थी। इसी आधार पर पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। केस में नामजद मुकेश की पत्नी कुमकुम व साले अंकित की भूमिका की जांच चल रही है। किशोरी का लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। ऐसे में उसका मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज नहीं हो सका है। प्रयास है कि जल्द से जल्द किशोरी का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराया जाए। अगर मजिस्ट्रेटी बयान में किशोरी महिला सिपाही व उसके भाई का नाम लेती है तो दोनों को गिरफ्तार किया जाएगा। अस्पताल में भर्ती किशोरी की हालत सामान्य है, लेकिन अभी वह चलने की स्थिति में नहीं है।

यह है पूरा मामला

बीबीडी इलाके में नौ जून की शाम छेड़छाड़ का विरोध करने पर किशोरी, उनकी मां व पिता के साथ मारपीट की गई। इतना ही नहीं किशोरी को आरोपियों ने मकान की दूसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया गया। किशोरी की मां ने डायल–112 में तैनात सिपाही मुकेश यादव, उसकी पत्नी महिला सिपाही कुमकुम यादव और साले अंकित यादव पर आरोप लगाया था। छत से गिरने से किशोरी की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी।

# जालसाजों ने हेड कांस्टेबल सहित छह को लगाई 10.11 लाख की चपत

लखनऊ, संवाददाता। साइबर जालसाजों ने हेड कांस्टेबल समेत छह लोगों को झांसा देकर इनके खातों से 10.11 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ितों ने गोमतीनगर विस्तार, आलमबाग, महानगर, गाजीपुर, सैरपुर व पीजीआई थाने में आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया है। गोमतीनगर विस्तार के शालीमार वन वर्ल्ड निवासी जय विलास दुबे के मुताबिक बेटी शांभवी के पास गत 6 जून को टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का मेसेज आया। शुरुआत में काम कराकर रुपये दिए। उसके बाद टास्क के बदले 12 बार में 4,54,693 रुपये जमा करा लिए। वहीं, आलमबाग के बड़ा बरहा निवासी अपूर्वा पाल ने गत 6 जून को एक वेबसाइट पर नौकरी के लिए आवेदन किया था। उन्हें एक अनजान नंबर कॉल आई। फोनकर्ता ने ऑनलाइन टाइपिंग जॉब बताई। दो सौ रुपये फीस जमा कराकर काम शुरू कराया। 10 जून को उन्हें काफी टाइपिंग मिस्टेक बताकर कई बार में 45,744 रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके अलावा महानगर फील्ड यूनिट में तैनात हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव के अनुसार साइबर जालसाज ने उनके एक्सिस बैंक खाते से 18,141 रुपये पार कर दिए। वहीं, गाजीपुर स्थित शक्तिनगर निवासी शशि शेखर यादव के यस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के क्रेडिट कार्ड से जालसाजों ने 1,56,487 रुपये की खरीदारी कर ली। इसके अलावा कुशीनगर निवासी श्वेता गुप्ता सैरपुर स्थित कृष्ण विहार कॉलोनी में रहती हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले टेलीग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का मेसेज देखा। संपर्क करने पर जालसाज ने बातों में फंसाकर कई बार में 1.41 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता ने सैरपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पीजीआई स्थित उतरठिया निवासी यामिनी त्रिपाठी और उनकी दोनों बेटी के खाते एचडीएफसी बैंक में है। जालसाज ने बैंक मैनेजर बनकर इन्हें फोन किया और बातों में फंसाकर तीनों के खातों से 1,94,500 रुपये निकल गए।

# कार्यशाला में जाना अभिलेखागारों का महत्व और रोजगार की संभावनाएं

लखनऊ, संवाददाता। अंतरराष्ट्रीय अभिलेख दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय अभि लेखागार परिसर में चल रही अभिलेख प्रबंधन एवं संरक्षण विषयक छह दिवसीय कार्यशाला का शनिवार को समापन हुआ। कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिलेखागार का महत्व, अभिलेख व पांडुलिपियों के संरक्षण की वैज्ञानिक विधियां और अभिलेखागारों में शोध और रोजगार की संभावनाओं के बारे में बताया गया। प्रथम सत्र में क्षेत्र सहायक शिव कुमार यादव ने बताया कि इस समय 735 से अधिक अभिलेखागार कार्यशील हैं, जिनमें समय–समय पर आर्काइविस्ट और अन्य पदों के लिए विज्ञापन निकलते रहते हैं। यहां युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सकता है। राष्ट्रीय अभिलेखागार, भारत सरकार तथा अन्य अभिलेखागारों में एक वर्षीय आर्काइवल डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी डिप्लोमा प्राप्त कर विभिन्न पदों पर रोजगार पा सकते हैं। कार्यक्रम में 137 शोधार्थी उपस्थित रहे। डॉ. सुशील कुमार पांडेय, दिलीप कुमार गुप्ता और डॉ. एसएन चौबे ने प्रशिक्षार्थियों से कहा कि बिना अभिलेखागार के शोध की परिकल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे शोध प्रमाणिक भी नहीं माने जाते हैं। अंतिम दिन मुख्य अतिथि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. एसएन चौबे, वित्त नियंत्रक संस्कृति निदेशालय दिलीप कुमार गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार पांडेय को निदेशक अमित कुमार अग्निहोत्री ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक व उसके ममेरे भाई की मौत

लखनऊ, संवाददाता। उन्नाव के हसनगंज बांगरमऊ मार्ग खपुरा मुस्लिम गांव के पास शनिवार सुबह तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से बाइक सवार काकोरी घुरघुरि तालाब के सकरा गांव निवासी विशाल गौतम (19) और उनके ममेरे भाई उन्नाव के महराजगंज निवासी विमल गौतम (10) की मौत हो गई। दोनों भाई बिना हेलमेट लगाए अपनी खानपान की दुकान के लिए दूध लेने निकले थे। पुलिस के मुताबिक, विशाल व विमल मिलकर उन्नाव के हसनगंज मीरखेड़ा गांव के पास चाय–समोसे की दुकान चलाते थे। शनिवार सुबह 6 बजे दोनों दूध लेने के लिए काकोरी के घुरघुरि तालाब नागेश्वर मंदिर मंडी आ रहे थे। दुकान से 500 मीटर दूर पीछे से आए मौरंग लदे डंपर की बाइक में टक्कर लग गई। इससे दोनों भाई गिरकर डंपर के पहिये के नीचे आ गए। हादसा देख लोगों ने सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों स्थानीय सीएचसी पहुंचाया, जहां से दोनों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

# आध्यात्मिकता व भक्तिमार्ग पर चलकर संतों भक्तों ने परमात्मा को साधा है - आचार्य अशोक



हरदोई (अम्बरीष कुमार सक्सेना)

संविलियन विद्यालय, सिकंदरपुर कल्लू के सामने मैदान में आयोजित शिव सत्संग मण्डल के आंचलिक धर्मोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मण्डलाध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि परमेश्वर के ध्यान और भजन से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव है।उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता व भक्ति मार्ग पर चलकर संतों भक्तों ने परमात्मा को साधा है।उन्होंने कहा कि एक गृहस्थ व्यक्ति के लिए यही उचित है कि वह भक्ति और कर्म के मार्ग पर अग्रसर रहे। धर्मोत्सव में शाहजहाँपुर के जिला प्रमुख डॉ कालिका प्रसाद ने कहा कि शिव सत्संग मण्डल समाज में आध्यात्मिक चेतना की अलख जगा रहा है।ध्यान और भजन से मानसिक शांति मिलती है, जो सफल एवं सुखद मानव जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज में चेतना जागृत करके हमें अपने जीवन में विकारों को त्याग कर परमपिता परमात्मा से सच्चा प्रेम और समर्पण रखना चाहिए। उन्होंने शिव सत्संग मण्डल की ओर से संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। व्यवस्था प्रमुख यमुना प्रसाद ने बताया कि शिव, चेतना की जागृत, निद्रा और स्वप्न अवस्था के परे हैंद्य शिव समाधि हैं – चेतना की चौथी अवस्था, जिसे केवल ध्यान में ही प्राप्त किया जा सकता है। समाधि में मन पूरी तरह समभाव में रहता हैद्य यह एक ही समय में शांत भी है और पूरी तरह जागरूक भी। वरिष्ठ सत्संगी रामअवतार, प्रेम कुमार, हनुमंत, सुदामा देवी, अधिवक्ता राम अवतार, शिक्षक विमल कुमार, श्री केशन आदि ने बताया कि शिव वह चेतना है जहाँ से सब कुछ आरम्भ होता है, जहाँ सबका पोषण होता है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता हैद्य आप कभी शशिवश के बाहर नहीं हैं क्योंकि पूरी सृष्टि ही शिव में विद्यमान हैद्य आपका मन, शरीर सब कुछ केवल शिव तत्व से ही बना हुआ है, इसीलिए शिव को शविश्वरूपश कहते हैं जिसका अर्थ है कि सारी सृष्टि उन्हीं का रूप है। सत्संगी नन्हें लाल ने ध्यान और भजन को समग्र जीवन की सफलता का आधार बताया। सत्संगी सोमपाल ने भजन से लाभ,रामौतार ने दान की महिमा, इंस्पेक्टर ने सत्संग की महिमा,रवि वर्मा ने विविध मत मतांतरों पर चर्चा की एवं शाकाहार को जीवन का आधार बताया। भजनोपदेशक,भैयालाल ,राज कुमार एवं योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना,धनीराम, आशा राम,राम बहोरन, सोमवती,वविता, सौम्य,रागिनी, नैन्सी, अमृता, मानवी, सुहानी, मनीष, ऋषभ व आयुष आदि ने प्रेरणादाई भजन सुनाए। मण्डल के रवि वर्मा एवं डॉ अजय पाल सिंह के संयुक्त संचालन में हुए धर्मोत्सव का शुभारम्भ प्रमुख प्रचारक प्रेम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बहन बेबी की सामूहिक ईश प्रार्थना से हुआ।समापन पर सभी सत्संगी बन्धुओं और बहनों ने रोजाना ब्रह्ममुहुर्त में उठकर परमेश्वर का सुमिरन करने का शिव संकल्प लिया।

# कलयुगी मां ने अपने अबोध बच्चे को प्रेमी के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,। मीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोधनागांव में सोमवार को एक कलयुगी मां ने प्रेमी शौहर से मिल कर अपने 4 वर्ष के बच्चे को मौत के घाट उतार दिया। बच्चे की हत्या के बाद शव लेकर जगदीशपुर बराँवा मायके पहुंच गई और रोना धोना करते हुए त्रिया चरित्र फैलाने लगी।किसी ने इसकी सूचना बच्चे के वालिद पूर्व शौहर को दे दी।उसकी सूचना पर मीरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मां और उसके दूसरे शौहर को हिरासत में ले लिया। मीरगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बराँवा निवासी रेशमा पुत्री अहमद अली की शादी वाजिद अली पुत्र अजीज निवासी चितईपुर प्रतापगढ़ के साथ वर्ष 2021 में हुई थी।दोनों से इलियास नामक एक औलाद पैदा हुई। इसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर अनबन हो गई।वाजिद अली ने दूसरी शादी कर ली और रेशमा भी जगदीशपुर निवासी अतीक पुत्र सल्लू के साथ रहने लगी।लेकिन बच्चे को लेकर अतीक हमेशा से रेशमा से खफा रहता था।इन दिनों रेशमा और अतीक किराए का घर लेकर बच्चे के साथ गोधना रह रहे थे।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों ने मिल कर 4 वर्षीय इलियास की हत्या कर लोगों को गुमराह करने के लिए जगदीशपुर चले गए और रोना धोना चालू कर दिए।इसकी जानकारी पूर्व शौहर वाजिद को लगी तो उसने बेटे की हत्या किए जाने की सूचना 112 समेत मीरगंज पुलिस को दे दी।सूचना पाते ही थानाध्यक्ष मीरगंज विनोद कुमार अंचल क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा मौके पर पहुंच दोनों को हिरासत में लेते हुए शव को पी एम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बताया कि मीरगंज अंतर्गत एक चार वर्षीय बच्चे की मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई थी सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची बच्चे के शव को देखा गया तो उसके गले पर चोट के निशान थे इसी क्रम में जानकारी मिली बच्चे की मां उसे कहीं दूसरे जगह लेकर जाने की फिराक मे थी।पुलिस पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया और बताया कि दूसरे पति के साथ मिलकर बच्चे की हत्या किया है।घटना के कारणों के बारे में जानकारी की गई तो पता चला कि मृतक बच्चे का पहला पिता जो मुंबई में रहता है बच्चे को अपने पास रखना चाहता था जबकि मां बच्चे को अपने पास रखना चाहती थी वही मृतक बच्चे का सौतेला बाप उसे रास्ते से हटाना चाहता था। पुलिस ने मृतक के मां और उसके सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी को सभी बिंदुओं पर जनता से जांच करने की आदेश दिए गए हैं। सबसे पहले मां को गिरफ्तार किया गया मां की निशान देही पर उसकी दूसरे पति को गिरफ्तार कर लिया गया है अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या।जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है।चौरे बाजार निवासी 21 वर्षीय शिवम मोदनवाल की जहरीले जंतु के काटने से मौत हो गई।घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है।शिवम अपने घर में लेटा हुआ था।वह चारपाई से उठकर फोन पर बात कर रहा था।इसी दौरान उसके पैर में किसी जहरीले जंतु ने काट लिया।परिजन तुरंत उसे जिला अस्पताल सुल्तानपुर ले गए।इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# एसएसपी डॉं गौरव ग्रोवर ने 12 उप निरीक्षक सहित 297 आरक्षियो की कार्य क्षेत्र में किया फेर बदल

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने विभिन्न थानों पर तैनात एक दर्जन से अधिक उप निरीक्षको तथा काफी दिनों से तैनात एक ही थाने व चौकियो पर तैनात 297 आरक्षियों का स्थानांतरण दूसरे थाना क्षेत्रों में किया है।उन्होंने उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह को थाना कोतवाली थाना पूराकलन्दर,उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह थाना पूराकलन्दर से कोतवाली नगर,उप निरीक्षक मुश्ताक शाह थाना पूराकलन्दर से थाना रुदौली,इश्तियाक अहमद थाना साइबर क्राइम से थाना पूरा कलंदर,रवीन्द्र कुमार थाना पूराकलन्दर से थाना कैन्ट,सुरेन्द्र सिंह थाना कैन्ट से थाना पूराकलन्दर,उपेन्द्र प्रताप सिंह थाना गोसाईगंज से थाना इनायत नगर,दिनेश चन्द्र यादव थाना महराजगंज से थाना पटरंगा,संतराम वर्मा थाना पटरंगा से थाना महराजगंज, अजीत तिवारी थाना महराजगंज से चौकी राम जन्मभूमि,विमल पाण्डेय पुलिस लाइन से थाना रौनाही व अरविन्द कुमार शुक्ला पुलिस लाइन से चौकी राम जन्मभूमि थाना पर स्थानांतरित किया है।

# ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से लूट करने वाले सभी 6 बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। शाहगंज व खुटहन की संयुक्त पुलिस टीम के साथ सोमवार भोर में हुई पुलिस मुठभेड़ में शाहगंज अन्तर्गत निजामपुर में ग्राहक सेवा केंद्र पर लूट करने वाली सभी 6 अभियुक्त गिरफ्तार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों को पैर में गोली लगी।जिन्हें घायल अवस्था में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अभियुक्तों के कब्जे से 4 तमंचा .315 बोर कारतूस व लूट का लैपटॉप व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि 6 मई को शाहगंज कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निजमापुर में अरबाब टूर एंड ट्रेवल्स ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक मो0 सऊद पुत्र मो0 तौफीक निवासी कौड़ियां थाना शाहगंज जौनपुर प्रतिदिन की भांति अपनी दुकान पर दुकान खोलकर साफ सफाई कर रहे थे कि अचानक अज्ञात अभियुक्तगण उन्हें असलहा के साथ डरा धमका कर उन्हें गोली मारते हुए उनके दूकान से लैपटॉप लेकर चले गए थे। जिसके सम्बन्ध में पीड़ित मो0 सऊद पुत्र मो0 तौफीक के लिखित तहरीर के आधार पर 04 अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक जौनपुर, द्वारा दुस्साहसिक घटना में सम्मलित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सख्त निर्देश दिये गये एवं टीमों का गठन कर लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा सोमवार को कार्यवाही करते हुए घटना से सम्बन्धित सभी 6 अभियुक्तों को नायरा पेट्रोल पंप से आगे खुटहन रोड़ पर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान 02 अभियुक्तों को गोली लगी है, जिन्हें घायल अवस्था में इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है।अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।इन सभी अपराधियों का अपराधिक इतिहास है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1.रोबिन कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी मिलौली थाना तहबरपुर जनपद आजमगढ। (घायल)

2.राजमन कुमार उर्फ राज पुत्र सतिराम निवासी मीरपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ। (घायल)

3.शिवांग सिंह पुत्र धर्मराज निवासी दडवां थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ।

4.शिवम सिंह पुत्र अम्बेश कुमार सिंह निवासी जानकीपुरम थाना जानकीपुरम जनपद लखनऊ।

5.राजन कुमार पुत्र बृजेश गौतम निवासी हरईया थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ।

6.रिंकू कुमार पुत्र स्व0 लल्लन राम निवासी हरईया थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ। शामिल हैं।

# नकली सीमेंट की फैक्टरी के पर्दाफाश के बाद अब एसटीएफ के निशाने पर कई धंधेबाज

गोरखपुर। बेलीपार के मड़वरियां कुआं चौकी के समीप नकली सीमेंट की फैक्टरी के फर्दाफाश के बाद अब एसटीएफ के निशाने पर कई बड़े धंधेबाज हैं। एसटीएफ नकली सीमेंट बनाने वाले धंधेबाजों व इसमें संलिप्त लोगों की तलाश करते हुए उनकी सूची बना रही है। बताया जा रहा है कि एसटीएफ ने नौसड़ व मोतीराम में भी कई गोदाम चिह्नित किए हैं, जहां डैमेज सीमेंट की खेप भरी हुई है। यही नहीं चिलुआताल में आने वाली सीमेंट की रैक पर भी पैनी नजर है। बेलीपार के मड़वरियां कुआं चौकी के समीप गोदाम में कंडम सीमेंट से अल्ट्राटेक व डालमिया कंपनी का सीमेंट बनाया जा रहा था। एसटीएफ ने 6 जून को पर्दाफाश किया था। इस फैक्टरी में 200 रुपये प्रति बोरी कंडम सीमेंट लेकर उसे अल्ट्राटेक व डालमिया के बोरे में भरकर 400 रुपये प्रति बोरे के हिसाब से बेचा जाता था। नकली सीमेंट बनाने की सूचना पर पहुंची लखनऊ एसटीएफ ने फैक्टरी के मालिक समेत दो मजदूरों को मौके से गिरफ्तार कर जेल भिजवाया दिया था। इसके बाद एसटीएफ की गोरखपुर यूनिट नकली सीमेंट बनाने वाले आरोपियों पर नकेल कसना शुरू कर दिया। फैक्टरी में बरामद नकली सीमेंट को बरामद कर कार्रवाई करने के बाद एसटीएफ जिले में संचालित कई फैक्टरियों के बारे में जानकारी लेते हुए उसका संचालन करने वालों की लिस्ट बनाने में जुट गई। एसटीएफ को सूचना मिली है कि नौसड़ व मोतीराम में कई गोदाम ऐसे हैं, जहां से डैमेज माल की सप्लाई होती है। एसटीएफ की मानें तो चिलुआताल में आने वाली सीमेंट की रैक पर पैनी नजर है।

जहां रैक से भी डैमेज माल की खेप आने की सूचना है। जहां डैमेज माल का उठाव भारी मात्रा में होता हैं। इस संबंध में एसटीएफ गोरखपुर यूनिट के प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि जिले में नकली सीमेंट बनाने का धंधा तेजी से फल फूल रहा है।

# कथावाचक माफी नहीं मांगते तो उनके खिलाफ देशभर में आंदोलन किया जाएगा : बच्चा भाईया

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट के आवास पर हुई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव



ने किया। बैठक में 14 जून को महाराष्ट्र में हुए एक कार्यक्रम का मुद्दा उठा। कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा भगवान चित्रगुप्त के बारे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर कायस्थ समाज ने कड़ी नाराजगी जताई। समाज के लोगों ने कथावाचक से सार्वजनिक माफी की मांग की है। कायस्थ समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि कथावाचक माफी नहीं मांगते हैं, तो उनके खिलाफ देशभर में आंदोलन किया जाएगा। समाज के सदस्यों ने कहा कि किसी भी भगवान का मजाक उड़ाना या उनके बारे में अशोभनीय टिप्पणी करना स्वीकार्य नहीं है। बैठक में डॉ विवेक श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, गिरिजेश श्रीवास्तव समेत कायस्थ समाज के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर इस मुद्दे पर कार्रवाई की मांग की।

# जिला चिकित्सालय मे सक्रिय दलालों की चंगुल मे फँस रहे मरीज व परिजन

अयोध्या।जिला चिकित्सालय में सक्रिय दलालों के चंगुल से दूर दराज से यहां पर इलाज कराने आने वाले मरीज आखिरकार फँस ही जा रहे हैं।चाहे वह बाहर की कमीशन की दवाई हो या फिर ऑपरेशन से लेकर एक्स–रे सीटी स्कैन हो।इसके अलावा सोमवार को ब्लड बैंक में हो रहे वहां पर तैनात कर्मचारी की मिली भगत से तथा सक्रिय दलालों द्वारा पीड़ित से एक यूनिट ब्लड दिलाने के नाम पर 7000 रुपए कि मामला भी सामने आया हुआ है।बताते चले कि आज से नहीं काफी दिनों से जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक के अलावा अन्य जगह पर भ्रष्टाचार तथा मरीज से लूट खसोट का कारोबार चल रहा है। जिस पर इससे संबंधित अधिकारी तथा चिकित्सा कर्मी चुप्पी साधे हुए हैं।सोमवार को रुदौली निवासी अरविंद कुमार से एक यूनिट ब्लड दिलाने के नाम पर 7 हजार रुपए की ठगी की गई। इस संबंध में यहां पर पीड़ित ने आरोप लगाया कि ब्लड बैंक के बाहर घूम रहे कुछ युवक डोनर बनकर जरूरतमंदों को ब्लड दिलाने का झांसा देकर मोटी रकम वसूलते हैं। पीड़ित अरविंद कुमार नहीं बताया कि वह अपनी भाभी को सीएचसी मवई में भर्ती कराया था।वहां एनीमिया की शिकायत पर उन्हें जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।अस्पताल में डॉक्टरों ने एक यूनिट ब्लड लाने को कहा।जब अरविंद ब्लड बैंक पहुंचा, तो डोनर न होने की वजह से ब्लड देने से मना कर दिया गया।बाहर निकलते ही दो–तीन युवक उससे मिले और 7000 हजार रुपये में एक यूनिट ब्लड देने की बात कही।मजबूरी में अरविंद ने एक युवक के ऑनलाइन खाते में 7 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।इस घटना की शिकायत जब सीएमएस और सीएमओ से की गई तो उन्होंने जांच की बात कही।सीएमओ डॉं सुशील कुमार ने बताया कि पीड़ित से पैसे लेने वाले युवक की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।साथ ही उन्होंने सीएमएस को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच कराने की बात भी कही है।

# इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी एवं पीस एजुकेशन चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में लगा रक्तदान शिविर




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी की सामाजिक संस्था इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी एवं पीस एजुकेशन चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में गरीब जरूरतमंद लोगों की जिंदगी बचाने के लिए और रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु लखनऊ के इंद्रानगर क्षेत्र में स्थित पानीगांव पैलेस के सामने नशाबंदी संघर्ष समिति के कार्यालय के समीप ऐतिहासिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।ब्लड डोनेशन कैंप लगाने का उद्देश्य थैलेसीमिया जैसी बीमारियों और गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए रक्त का प्रबंध करना और उनके जीवन को सुरक्षित करना तथा लोगों के अंदर रक्तदान के लिए जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से लगाया गया। इस उमस और गर्मी से भरे मौसम में भी रक्तदाताओं ने गर्मी की परवाह न करते हुए गरीबों जरूरतमंदों की जान बचाने के लिए रक्तदान शिविर में आकर रक्तदान किया।ब्लड डोनेशन कैंप में डॉक्टर और टेक्निशियन की टीम से धर्मेंद्र पाल,राम निवास,हरिओम गुप्ता,अश्विनी गौरव,दिनेश चंद्र गौतम, बृजेश कुमार,विष्णु गुप्ता,जितेंद्र कुमार,डॉक्टर विजय कुमार,सुरेश सिंह,अखिलेश रजत,संदीप गौड़ ने अपनी सेवाएं प्रदान की सबसे पहले ब्लड डोनेशन कैंप में रक्तदान करने वाले रक्तदाता मनीष वर्मा ने अपना रक्तदान किया।समाज को नशे से दूर रखने के लिए और लोगों को नशे की आदत छुड़वाने का सामाजिक कार्य करने वाली शराबबंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तुजा अली और गरीब जरूरतमंद लोगों का इलाज कराने और रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करने वाले और समय समय पर रक्तदान करने वाले इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष कुदरत खान ने बताया कि इस चिल चिलाती उमस भरी गर्मी में भी हमारे हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्म और समुदाय के लोगों ने ब्लड कैंप में आकर अपना रक्तदान किया।लगभग 55 यूनिट ब्लड लोगों ने रक्त दान किया।उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण हमें लग रहा था कि शायद 10 से 15 यूनिट ब्लड ही डोनेट होगा लेकिन हमारी उम्मीद से भी ज्यादा ब्लड लोगों ने डोनेट किया।इस ब्लड डोनेशन कैंप में अतिथि के रूप में वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट अजीज सिद्दीकी,जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन के महामंत्री अब्दुल वहीद, एन पी टी आई के अध्यक्ष नजम अहसन,इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के सिराज अहमद,वरिष्ठ पत्रकार सुशील दुबे,परवेज अख्तर,जुबैर आलम मोहम्मद फैजान, आबिद अली कुरैशी,अनवर खान,वसी सिद्दीकी,राहत ए इंसानियत फाउंडेशन के मौलाना अबुल कासिम नदवी,मिर्जा इशरत हुसैन,मो अतीक वारसी,डॉ आतिफ जावेद,रशीद जमील,जगदीश जोशी,साकिब भारत,मोहम्मद अनस डोनेशन कैंप में मौजूद रहे तथा रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से वीरेश कुमार, शिव शुक्ला, सिराज, गौरव शर्मा, मोहम्मद सरताज, अब्दुल्ला अहमद, बाबू पाल, विशाल श्रीवास्तव,साकिब कुरैशी अमित सिंह मोहम्मद यहया, आदिल अंसारी, साकिब अंसारी, अलीमा अजीम,अंजला एजाज, मोहम्मद रशीद,मो कैफ,अनवर खान, मो साकिब,मो, फैजान, के साथ–साथ कई लोगों ने रक्तदान किया और अंत में इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुदरत उल्ला खान ने 58वीं बार अपना रक्तदान किया।इस मौके पर सभी अतिथियों डॉक्टर्स टेक्निशियन और रक्तदाताओं को पुष्पमाला मेडल सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# पब्लिक सेवा संस्थान ने फादर्स डे पर हुआ भव्य आयोजन

अयोध्या।पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा आज बी एन एकेडमी स्कूल पहाड़गंज शिवनगर में फादर्स डे के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित से हुई।कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र और राम दरबार मुख्य अतिथि द्वारा दे कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संस्था के मुख्य ट्रस्टी राकेश श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव,मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा यादव, जिला अध्यक्ष तथास्तु सिंह, जिला कोऑर्डिनेटर रामकुमार, महासचिव बबीता यादव, सहित कई लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पिता के सम्मान और उनके योगदान को याद करते हुए समाज में उनके महत्व को रेखांकित किया गया। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सफलता के लिए संस्था के प्रयासों की प्रशंसा की।पब्लिक सेवा संस्थान ने इस अवसर पर समाज सेवा के अपने संकल्प को दोहराते हुए आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने का आश्वासन दिया।यह कार्यक्रम पिता के प्रति सम्मान और उनके योगदान को समर्पित एक सफल सामाजिक पहल रहा।



# कोतवाली नगर पुलिस ने कूटरचना व धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

अयोध्या। कोतवाली नगर पुलिस ने फर्जी कंपनी खोलकर फर्जी दस्तावेज जाली मुहर दिखाकर बेरोजगार लोगों को नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी पांडे ने बताया कि एसएसपी डाक्टर गौरव ग्रोवर व एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देश पर सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह के देखरेख में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है।इसी अभियान के तहत अभियान के तहत फर्जी कम्पनी खोलकर फर्जी कूटरचित दस्तावेज दिखाकर व जाली मोहर लगाकर लोगों को गुमराह करके धोखाधड़ी करते हुए नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये ले लेना व अपने नीचे तीन लोगों को जोड़ने हेतु धमकाने वाले आरोपी रविकांत कुमार पुत्र विजेंद्र प्रसाद निवासी इस्माइलपुर थाना दनियावां जनपद पटना बिहार समीप पक्का तालाब, जनौरा थाना कोतवाली नगर,राजकुमार गिरी पुत्र रामजीत गिरी निवासी ग्राम व पोस्ट सेवरही थाना सेवरही जनपद कुशीनगर,पता निकट पक्का तालाब, जनौरा थाना कोतवाली नगर व राजन कुमार कुशवाहा पुत्र रघुनाथ कुशवाहा निवासी ग्राम मठिया भोकरिया थाना सेवरही जनपद कुशीनगर हाल पता निकट पक्का तालाब, जनौरा थाना कोतवाली नगर को सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में धर्मेन्द्र कुमार सिंह प्रभारी चौकी रामनगर थाना कोतवाली नगर,शिव दीपक सिंह प्रभारी चौकी फतेहगंज थाना कोतवाली नगर,पंकज सिंह थाना कोतवाली नगर शामिल रहे।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी मे. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9415034002
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।